SHRI N. E. BALARAM: I want that there should be an enquiry into this because there was an unnecessary, unprovoked action on the part of the Government. I think the Government by this sort of activities, is helping those who should not be helped.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : Please. You have mentioned it now. That is all.

Discussion on Growing menace of terrorism and other subversive activities encouraged by outside powers —Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : Now we proceed with the regular business concering the growing menace of terrorism.

Mr. A.G. Kulkarni.

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : महोदय, पांच बोल चुके हैं, छठ नंबर पर मैं हू ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : I have a schedule here. The first is Mr. Kulkarni. The second name is yours.

SHRI JAGIDSH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh) : How are the schedules changed?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : Please begin, Mr. Kulkarni.

SHRI A.G. KULKARNI (Maharashtra) : Have I got your permission, Mr. Mathur?

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: You have never taken my permission.

SHRI A. G. KULKARNI My senior colleague and Deputy Leader of my party has made an excellent speech on the terrorist menace and the problem created by encouragement given to them one of our neighbours. He also mentioned about the chauvinist parties believing in *Hindutva*, thereby creating a communal chaos in the country. What I feel is that there is lack of acohesive policy in our effort to contain terrorism. It seems as if we are drifting towards finding solution towards the problem of terrorism, be it in Punjab, or in Kashmir, or in Assam or at any other place. There are two opinions in regard to this. Many political parties say we should fnd out a political solution. I have personally not yet understood what they mean by the term 'political solution' because when we are dealing with crooks, what is the use of a political solution. What is the problem in Punjab. Though Pakistan is creating disturbance through these crooks in Punjab, it is mainly a smuggling problem. In Kashmir also it is the same thing. I think, a political solution can be had when both the parties have a genuine desire to remain in an integrated country and in an integrated society. For creating a suitable condition for a political solution, these terrorists are first to be taught a lesson that the Government is strong and that it has got strong teeth for dealing with their menace. On that day my friends, Mr. Gandhi and Mr. Salve quoted everyday newspapers carrying these reports. We sitting in this House may dismiss it just a day-to-day happening, but it is not so far a housewife or for an ordinary person. They do not understand the Government's policy and the term 'political solution'. Why I say this is that the political system in our country is deteriorating day-by-day and the permissiveness in the political parties' attitude towards this problem is of adjustment for political gains. They want to adopt some popular gimmicks whereby they can achieve their objective of acquirng power. I would appeal to all political parties to stop all this. They had done that in 1977, they had done that in 1989 and also during the short period of five months. The Congress Party following the traditions of Mahatma Gandhi is administratively better equipped. It has a deep faith in secularism. It has all along been following the policy of *Sarva Dharma Sambhava*, which Mahatma Mandhi had initiated. In this connection, I would first go to the failure of our diplomacy particularly to meet the challenge of propaganda made by the neighbouring countries. I don't blame the recent honoured guest of China who has come to this country. He said about some latitude policy that these problems will be solved. A correspondent asked him a straight question "What is the attitude of China towards helping Pakistan not speak of nuclear weapons and supply of armaments ?' He could not give any reply to this question. On the contrary, the U. S. A. has taken a straight view with regard to Pakistan. They have admonished them on their nuclear weapons programme and asked them to stop it. The United Kingdom has done the same thing. Germany has done the same things.

[Shri A.G. Kulkarni]

What I desire is that the present Government should take up the terrorist problem at diplomatic level with the neighbouring country, Bangladesh. I think in the morning an hon. Member made a special mention about how the refugees are coming to India from Bangladesh and Burma. I am not advocating for a big brother treatment. But what I am referring to is the people's moral degeneration. For that purpose the Home Minister should come out with a straight reply that henceforth no leniency will be shown towards terrorists in exchange of captives. Unless that attitude is taken, unless you behave like Israel as it is behaving with the mischief makers, I don't think we will be able to build the confidence of our people.

Mr. Home Minister, we are in a great economic difficulty. If our economy would have been strong, then, we could have withstood all these problems and met them properly. Unfortunately on that front, we are weak. On the home front also we are weak. That is why people's morale is going down.

Mr. Vice-Chairman, another aspect is criminalisation of politics. What is happening in Bihar? What type of criminalisation has crept into politics?

SHRIMATI KAMLA SINHA: What is happening in Andhra Pradesh?

SHRI A. G. KULKARNI: I am a person who only speaks on indication. You have to make a meaning out of the whole thing.

The muscle power, money power are used for criminalisation of politics. These things also contribute to the deterioration in the confidence of the people in this country. I can add many names of the States. The point I am giving is indicative of what is happening in Uttar Pradesh or what is happening in Andhra Pradesh or wherever it is. It is the failure of political parties giving importance to the muscle men, criminal people and inducting them into politics. That is the greatest harm done to the Indian political culture whicih Mahatma Gandhi has enunciated.

Mr. Vice-Chairman, I now come to the other pernicious aspect that is about chauvinistic and religious parties. I want to say, yesterday there was some seminar. Many learned speakers lamented about the non-availability of men of vision, good will, integrity and honesty, Where are they? Where are they ? Please show me. We cannot find such persons in our country today. The problem is, we cannot find men of such vision and integrity now. This is the bane of our Indian polity today.

Now, a particular ideology is being propagated by a party represented by my esteemed friends here. I am not against their political thinking or political ideology. But they are propagating *Hindutva*. Sir, Hinduism is broad-minded. It can integrate the whole country. *Sarva Dhrama Samabhav*. Hindu religion does not say that *Hindutva* is everything. This is a political slogan. This is one of the gimmicks employed by the political parties to gain popularity among the innocent masses of the country. Sir, I do not want to recite *Shayari* here. My friend, Mr. Sikander Bakht, can do so. There is a place in Maharashtra. Perhaps, Sir, you know. There is a place, a hill, known as Lohargarh. This is near Lonavala. It is about 3,200 feet high. In this fort, there is one temple and there is also one mosque. It is there from Shivaji's times. There, there is one *pundit* and there is also, what you call, one *mulla*. They are living together. There is no fight between them. For centuries together. These two people—one, Hindu, one the other, Muslim—are staying in the same cave. This is a hill. Mandir and masjid are there at the same place. The *pundit* goes to the temple and worships. The *mulla* goes to the mosque and prays. Nothing happens. Some correspondents who knew about this went there. They went by walk because no car can go there. They asked these two people you belong to two different religions ; here, in our country, we have the dispute over Ayodhya... (*Time-bell rings*). Sir, please give five-seven minutes more. There was this *Rath Yatra*, which killed hundreds of persons and created tension between two communities. They asked these two people 'How are you staying together ? Then, the *mulla* who was in the mosque replied. I can try to read it out. I cannot read the Urdu there as good as my friends here,—Mr. Azmi and others—can do. Sir, there was one Akbar. Not Emperor Akbar. There was another Akbar long back. I do not know whether such a person was there or not.

SHRI SIKANDER BAKHT (Madhya Pradesh) : Akbar Allahabadi.

SHRI A. G. KULKARNI : What does he say?

आता है वज्द मुझको हर दिन की अदा पर,
मस्जिद में नाचता हूं नाकूश की सदा पर।

मौलाना साहब को छोड़ दीजिये, सिकन्दर साहब आपके लिए बोल रहा हूं । आप खाली ड्रामाटिक्स करते हैं, आपका रथ कहां चला गया कन्याकुमारी से कश्मीर तक ?

श्री सिकन्दर बख्त : आप सबजेक्ट पर बोलिये ।

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी : यह सबजेक्ट पर ही है . . . (व्यवधान) ।

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM) : What does that mean?

SHRI A. G. KULKARNI : This shows that what type of attitude the people belonging to the two different religions have been having for thousands of years. This has been the attitude of Hindus and Muslims. Therefore, it is for you to take lessons if you want. Otherwise, God help you !

Mr. Vice-Chairman, Sir, I was talking about the criminalisation of politics and the use of muscle power. In this context, I would like to refer to this *Ekta Yatra*. This is a *Yatra* for dividing the country. It has got nothing to do with the unity of the country. I am very much apprehensive of the outcome.

Now, many things are said about the deployment of the Army. There may be some excesses here and there. I do not deny it. The Amnesty International and the U.S.A. are creating a furore about the killing of people. Today, there was a question on Iraq. A question was asked as to how many people were killed in Iraq by the American soldiers. Therefore, my point is, this concern for human rights, etc., is all whitewashing. It has no meaning.

Sir, I would make a suggestion here to my friend, the Home Minister. Our security personnel, our police personnel, lack sophisticated weapons, like AK 47s etc., and other communication equipment. I would request you to consider this. These are necessary instruments which must be in the hands of the police and the paramilitary personnel, so that they can meet the challenge.

Terrorism has created demoralisation. Now, what is happening with the Shiv Sena ? This is another type of criminalisation of politics. They are in Bombay, creating conditions, where there is extortion, and gold smuggling is going on, under the benovolent dictatorship of that *Senapati*. I do not understand how such a party, which has no rules, can attack newspapermen, can beat them, and say that nothing against the Shiv Sen should be printed. This is another type of terrorism. These are the various aspects. I would request the hon. Home Minister to go into them. We have the Naxalite menace. It is the same, whether it is in Andhra Pradesh, or, in Maharashtra. These are important aspects of the debate which my freind, Mr. Salve, has initiated.

I would request all the political parties. If they are genuinely interested in the secular character of the country, in the integrity of the country, we should work together. We are in deep waters, whether on the economic front, or on other fronts. We should put our shoulders together. I am coming to my last point. The other day, my friend, Mr. Raj Mohan Gandhi, said thtat the Congress Party lacks clarity. I really do not understand. He says that we lack clarity on this *Ekta Yatra*. There is rumour-mongering that the Congress Party is divided on its approach towards this *Ekta Yatra*. I mentioned the other day. It is the pragmatic view of our Prime Minister, Shri Narasimha Rao. He is evolving a consensus on isolating the political party which is propagating *Hindutva* to gain its pernicious aim. There is no leak of clarity. We are all clear. But it is a democratic party. Views can be expressed in the various fora. Do not blame the Prime Minister, the President of our organisation, for lack of clarity. As you know, he is running a Government, which is minority Government. He is finding consensus on every point. It may be a slow process, but at least confrontation has been stopped. What happened to Mr. V. P. Singh when the *Rath Yatra* of Advani was stopped ? And again throwing the country into chaos, we don't want it to be repeated. So we are definitely clear in our mind what we want to achieve and we will achieve it by fighting such political parties which are bent upon dividing the country for political ends.

श्रीमती सुषमा स्वराज : धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष जी । महोदय, एक बहुत ही अहम मसला आज से तीन दिन पहले सदन में चर्चा के लिए रखा गया था ।

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

लेकिन मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि प्रारम्भ के तीन वक्ताओं ने विषय के पूरे थ्रस्ट को बदल कर के रख दिया । विषय था—"The growing menace of terrorism and other subversive activities encouraged by outside powers". लेकिन चर्चा एकता यात्रा पर केन्द्रित हो कर रह गई । मेरा बड़े अदब से निवेदन है कि आप इस विषय को जितना मर्जी तोड़ें-मरोड़ें, जितना मर्जी आप इसे रबड़ की तरह लम्बा खींचें तो भी एकता यात्रा इस विषय की परिधि में नहीं आ सकती । जब स्वेल साहब ने व्यवस्था का प्रश्न उठा कर सदन का ध्यान इस ओर खींचा तो तत्कालीन वक्ता श्री साल्वे साहब क्रोधित हो गए और कहने लगे कि वह कम्युनलिज्म को सबवर्सिव मानते हैं, इसलिए इस पर बोल रहे हैं । महोदय, मैं उससे भी आगे बढ़ कर के कहना चाहती हूं कि आप केवल कम्युनलिज्म को सबवर्सिव नहीं मानते आप भाजपा को साम्प्रदायिक मानते हैं, मानिये, यह आपका अभिमत है । आप एकता यात्रा को विध्वंसक मानते हैं, मानिये यह आपका दृष्टिकोण है । लेकिन क्या आप यह भी मानते हैं कि यह एकता यात्रा किसी विदेशी ताकत के इशारे पर शुरू की गई है, क्या आप यह भी मानते हैं कि यह किसी विदेशी ताकत के उकसाने का परिणाम है ? जब तक आप यह नहीं मानते, तब तक यह एकता यात्रा इस विषय की परिधि में नहीं आ सकती । अगर एकता यात्रा की चर्चा करनी थी तो श्रीमन्, मैं बड़े अदब से निवेदन करना चाहूंगी कि स्वयं साल्वे साहब ने ही चन्द दिन पहले इस सदन के अन्दर यह विषय रखा था और सदन के सदस्यों ने उत्तेजित हो कर यह इच्छा जाहिर की थी कि वह एकता यात्रा पर चर्चा करना चाहते हैं । मेरी पार्टी के नेता श्री सिकन्दर बख्त जी बैठे हुए हैं, उन्होंने उस समय खड़े हो कर प्रतिक्रिया स्वरूप यह माना था और यह निर्णय दिया था कि एकता यात्रा पर चर्चा करने के लिए हम तैयार हैं बशर्ते इस पर आर्डरली डिसक्शन सदन करे । इसके ऊपर बी०ए०सी० की मीटिंग हुई । गृह मंत्री ने प्रतिक्रिया स्वरूप कहा था कि इसके ऊपर बी०ए०सी० की मीटिंग में तय होगा । मुझ को नहीं मालूम कि बी०ए०सी० की मीटिंग में क्या घटा लेकिन एकता यात्रा पर चर्चा न करने का निर्णय लिया गया । जब यह निर्णय लिया गया

(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB) : Sir, I want to clarify the point raised by the hon. lady Member. The hon. Member is right that we discussed it in the BAC. It was rather a discussion with a thrust on outside powers encouraging subversive activities in India. So the thrust of the whole discussion was how the outside forces were trying to subvert our democratic set-up and endanger our security and safety.

श्रीमती सुषमा स्वराज : धन्यवाद, मंत्री जी । लेकिन मैं यह कहना चहती हूं कि यदि सदन एकता यात्रा पर चर्चा करना चाहता था तो मेरी पार्टी के नेता तैयार थे । जब यह निर्णय हो गया बी०ए०सी० की मीटिंग में कि एकता यात्रा पर चर्चा नहीं करनी है तो फिर इस को चर्चा इस विषय के आलोक में क्यों ? साल्वे जी ने बहुत अच्छी तरह से प्रस्तावक के तौर पर विषय को आरम्भ किया, उसका खुलासा किया लेकिन न मालूम जब बैठने लगे, तो अंत में शायद जगेश जी ने इशारा कर दिया और वे ऐसे भंवर में फंसे कि उससे फिर निकल नहीं सके । उसके बाद श्री राजमोहन गांधी जी बोले । जहां तक राजमोहन गांधी जी का ताल्लुक है मैं उनके व्यक्तित्व और वक्तृत्व कला की बहुत प्रशंसक हूं । मैं यह मानती हूँ कि वह बहुत संजीदा व्यक्तित्व के धनी हैं । जिस कनविक्शन के साथ, जिस आंतरिक निष्ठा के साथ वह अपनी बात रखते हैं वह उनकी वक्तृता को और ज्यादा प्रभावीपन प्रदान करती है।

मैं यह उम्मीद करती थी कि वह अपनी इस कला का इस्तेमाल करते हुए उन बाहरी शक्तियों का पर्दाफाश करेंगे, उन देशों की नीयत को बेनकाब करेंगे जो हिन्दुस्तान के अन्दर आंतरिक शान्ति को छिन्न-भिन्न करने पर आमादा हैं लेकिन मुझे अफसोस है कि वह आत्म-विवेचना में लग गए । वह अन्य राजनीतिक दलों के चरित्र का विश्लेषण करने में लग गए। मुझे मालूम है उनकी इस विषय में गहन रूचि है और मैं उनकी वेदना की सहभागिनी हूं । जब चाहें वे इस विषय पर चर्चा कर सकते हैं सदन के अंदर या सदन के बाहर, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ेगा कि राजमोहन गांधी जी ने भी विषय के साथ न्याय नहीं किया।

जहां तक एस० एस० अहलूवालिया जी का प्रश्न है, उसके बाद ये खड़े हुए । अब अहलुवालिया जी के बारे में सदन के सदस्यों का कुछ भी मत हो, एक बात मैं उनके बारे में यह मानती हूं कि वे अध्ययन करके आते हैं, मेहनत से आंकड़े इकट्ठे करते हैं और परिश्रम के बाद बोलते हैं । जब उन्होंने अपना पहला वाक्य रखा तो मुझे यह लगा कि वे विषय पर जरूर सीमित रहेंगे क्योंकि उन्होंने विषय को पढ़कर बोला था । लेकिन वे तो पहले वाक्य के बाद ही पटरी से उतर गये । फिर दुबारा पटरी पर चढ़ ही नहीं सके । ऐसा फिसले कि जाना कहीं था, चल कहीं दिये। अंत तक वे विषय के ओर छोर को नहीं पकड़ सके ।

अब मेरी दुविधा यह है कि मैं विषय के साथ न्याय करूं या इन महानुभावों ने जो आरोप हम पर लगाये हैं उनका उत्तर दूं । मुझे लगता है कि मेरी इस दुविधा का निराकरण गृह मंत्री जी ने बीच में रिएक्ट करके कर दिया है । वरना मेरा यह फर्ज बनता है, चूंकि अपनी पार्टी की ओर से केवल मैं बोलने के लिए खड़ी हूं कि बाकी तमाम लोग अगर चर्चा को एकता यात्रा पर चलाएंगे और मैं केवल विषय पर रहूं तो वे तमाम बातें अनुत्तरित रह जाएंगी । लेकिन चूंकि गृह मंत्री जी ने कहा है कि विषय का थ्रस्ट यह है तो मैं विषय के बारे में सीमित रहना चाहूंगी। हालांकि दो बातें, एकता यात्रा के विरोधियों और जो वक्ता इस पर बोले हैं उनसे जरूर कहना चाहूंगी कि जिस उग्रता और उत्तेजना से उन्होंने मेरी पार्टी पर दोषारोपण किया या एकता यात्रा के मामले में अपनी बातें कहीं, मैं भी उत्तेजित होकर उन बातों का जवाब दे सकती हूं, लेकिन नहीं । श्रीमन्, जब वे लोग अपनी बात कर रहे थे, यकीन मानिए मुझे क्रोध नहीं आ रहा था, मुझे तरस आ रहा था उनकी समझ पर, मुझे आश्चर्य हो रहा था उनकी बुद्धि पर और मुझे दुख हो रहा था उनकी नादानी पर। मुझे बैठकर केवल एक बात लग रही थी कि पारस्परिक विश्वासों का अभाव उनसे ये तमाम बातें कहलवा रहा है । महोदय, आप जानते हैं कि जब संदेह मन में प्रवेश कर जाता है तो विश्वास उसी दरवाजे से तुरंत बाहर निकल जाता है और जब विश्वास मन में नहीं रहता तो सही परिप्रेक्ष्य में हम दूसरे के दृष्टिकोण और दूसरे की चीजों को समझ नहीं सकते और यही बात एकता यात्रा के बारे में है, वरना आप स्वयं बताएं कि जिस यात्रा का नाम एकता यात्रा हो, जिसका जयघोष वन्देमातरम हो, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय अखंडता को बरकरार रखना हो, जिसका लक्ष्य राष्ट्रीय ध्वज फहराना हो क्या वह यात्रा विध्वंसक हो सकती है, तोड़क हो सकती है । लेकिन चूंकि मैंने कहा कि विश्वासों का इतना अभाव है कि ये लोग इस तरह की बातें कह रहे हैं । मैं अपने साथियों से नम्र निवेदन केवल यह करना चाहूंगी कि जब ऐसी परिस्थिति पैदा हो जाए तो उसमें सर्वोत्तम नीति होती है, वट एण्ड वाच, प्रतीक्षा करो और देखो । शायद मेरा कोई भी तर्क, मेरी कोई भी दलील, कितनी भी वजनदार बात आज इस संदेह के रहते इनके मन में विश्वास नहीं जगा सकेगी, लेकिन अगर बिना व्यवधान डाले ये केवल इस यात्रा को देखेंगे तो समय इनके तमाम संदेहों का निराकरण कर देगा । इनकी तमाम

[श्रीमति सुषमा स्वराज]

शंकाएं दूर हो जाएंगी, इनकी समूची दिशासाएं शांत हो जाएंगी और जो बात हम कह रहे हैं उनको विश्वास के साथ ये लोग देख सकेंगे। महोदय, इतना ही निवेदन करते हुए मैं विषय पर आती हूं।

यह दुर्भाग्य है इस देश का कि वह देश जो पूरे विश्व को शांति का पाठ पढ़ाने वाला रहा हो, वह देश जिसने दुनियां को अमन की राह पर चलाया हो, वह देश जो अहिंसा, प्रेम और त्याग के सिद्धांत में यकीन रखने के लिए विख्या; हो, वह देश आज आतकवाद की भट्ठी में स्वयं चल रहा है। अलगाववाद की पीठ पर सवार होकर ए.के. 7 राइफलों को ताने आतंकवादी ताकतें आज भारत माता का सीना छलनी करने में लगी है। यह तथ्य भी संदेह के परे जाकर साबित हो चुका है कि वे देश जिन्हें भारत की प्रगति, भारत की उन्नित, भारत का विकास सुहाता नहीं, वे ताकतें जिनकी आंखें भारत की तरक्की देखकर ईर्ष्या की आग से जलने लगती हिन्दु हैं वे ही ताकतें हिन्दुस्तान के, नानक, गांधी, बुद्ध और महावीर के अहिंसा प्रिय नौजवानों को हिंसा के लिए उकसा रही हैं। तथ्य प्रमाणित करते हैं इस बात को कि पंजाब में खालिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा 5 हजार से ज्यादा निर्दोष लोगों की हत्याएं की जा चुकी हैं, काश्मीर के अंदर सशस्त्र विद्रोह हो गया है। कभी जे०के०एल०एफ० के लोग 11 फरवरी को हिंदुस्तान में प्रवेश करेंगे, इस आशय की खबरें छपती हैं और कभी हिजबुल मुजाहिदीन के लोग प्रवेश कर चुके हैं और उससे संबंध रखने वाले 5 आतंकवादी दिल्ली में पकड़े जा चुके हैं इस आशय की खबरें और दिन नहीं आज के ही अखवार में आती हैं। कभी तमिलनाडु में एल.टी.टी.ई. की गतिविधियां श्री राजीव गांधी की हत्या तक से जोड़ी जाती हैं और कभी पूर्वोत्तर क्षेत्र में उलफा, एन०एस सी०एन०एच०पी०सी० जैसे भूमिगत संगठ आये दिन नई वारदात करते हैं।

श्रीमन्, कौन नहीं जानता कि ये तमाम तमाम, जो भूमिगत संगठन हैं, हमारे पड़ौसी प्रांतों से जुड़े हुए देश इनक हथियारों से लैस कर रहे हैं, इनक प्रशिक्षण दे रहे हैं, इनकी हमदर्दी औ हिमायत करते हैं।

जहां तक खालिस्तानी आतंकवादियो क सवाल है, उन्होंने स्वयं स्वीकार किया कि पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत के अंदर बसे खैबर में स्थापित प्रशिक्षण केंद्रों में उनको प्रशिक्षित किय जाता है। उन्होंने स्वयं स्वीकार किया है कि इस देश में हिंदू, सिख और मुसलमान के बीच वैमनस्य पैदा करने के लिये उन्हें उकसाया जाता है।

जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, आप जानते हैं कि जे०के०एल०एफ० के लोगों को पूरी हिमायत, पूरी हमदर्दी पाकिस्तान से मिलती रही है। लेकिन जिस दिन से जे०के०एल०एफ० ने अपना स्टैंड बदला, उन्होंने पाकिस्तान में कश्मीर को मिलाने की बजाए कश्मीर को एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित करने का स्टैंड लिया है, तब से पाकिस्तान की हमदर्दी हिजबुल मुजाहीदीन या इख्वानुल मुसलमीन के साथ हो गई।

यह केवल पंजाब का या कश्मीर का सवाल नहीं है। महोदय, इससे भी ज्यादा खतरनाक संकेत मिले हैं। विदेशी अनुसंधानकर्ताओं ने आकर बताया है कि अफगानिस्तान के साथ लगती हुई बलोचिस्तान में वह उन प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा करके आये हैं, जो पाकिस्तान के—2 के कोड नाम से चला रहा है, गोपनीय नाम से चल रहा है और जो खतरनाक बात उन्होंने बताई है, वह यह है कि जहां केवल सिख युवक और कश्मीरी युवक प्रशिक्षण नहीं ले रहे हैं, बल्कि बिहार

और उत्तर प्रदेश से जुड़ हुए बीस हजार भारतीय वहां प्रशिक्षण ले रहे हैं, जो उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों से या पिछड़ी हुई जातियों से संबंध रखते हैं और आप जानते हैं कि हाल ही में आतंकवादियों की गतिविधियों का क्षेत्र पंजाब और कश्मीर से निकल करके उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा जैसे प्रांत बने हैं।

आज अभी श्री महेन्द्र सिंह लाठर ने स्पेशल मेंशन के माध्यम से एक बात रखी कि हरियाणा के अंदर पिछले एक महीने में दो वारदातें हुई हैं सिरसा और टोहाना के अंदर सरेआम आतंकवादी मारूति कारों के अंदर धड़धड़ाते हुए फायरिंग करते हुए आये और धड़धड़ाते हुए वापिस चले गये, कोई उनको रोकने वाला नहीं, कोई उनको टोकने वाला नहीं, कोई उनको पूछने वाला नहीं है। उत्तर प्रदेश में रुद्रपुर में कांड हो गया, दिल दहलाने वाली घटना हो गई। केवल रामलीला में बम नहीं फटा, बल्कि उस अस्पताल के अंदर जहां घायलों को ले लाया गया, वहां भी बम विस्फोट हुआ। कुछ लोग कह सकते हैं कि बिहार और उत्तर प्रदेश की घटना से पाकिस्तान का क्या ताल्लुक है ? महोदय, यह ताल्लुक बिठाने के लिए कोई दिमागी कसरत करने की जरूरत नहीं है, केवल थोड़ा सा वजन दिमाग पर डालने के बाद साबित हो सकता है कि वह ताल्लुक यह है कि पंजाब और जम्मू-कश्मीर के सीमा प्रांतों में गड़बड़ी फैलाने के बाद अब पाकिस्तान उस जगह, आज जिसे हिंदुस्तान का दिल कहा जाता है, ऐसे प्रदेशों में, ऐसे प्रांतों में गड़बड़ी फैलाना चाहता है, क्योंकि वह चाहता है कि यहां के बहुसंख्यक लोग प्रतिक्रिया स्वरूप अंदर दंगे करें। तभी उसका मकसद पूरा होगा।

उसको मालूम है कि वह आर्थिक स्तर पर हिंदुस्तान की बराबरी नहीं कर सकता। इसलिए वह हमें उस मजबूरी में डालना चाहता है, हमारे सामने वह चुनौती खड़ी करना चाहता है जहां हम ज्यादा से ज्यादा संसाधनों को अपनी सुरक्षा पर खर्च करें, ज्यादा से ज्यादा साधनों को आतंकवाद का सामने करने में खर्च करें और विकास के लिए हमारे पास पैसे न रह जायें और जब से कश्मीर के अंदर उसके मत को बाकी पश्चिमी देशों का समर्थन मिलना कम हो गया है। तब से वह झूठा प्रचार करने लगा है।

इसी सदन के अंदर श्रीमती वीणा वर्मा, ने जो भी यहां बैठी थी, आज से दो दिन पहले एक मसला विशेष उल्लेख के जरिए उठाया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाक ने गुप्त रेडियो स्टेशन स्थापित किया है, अखबारों में निकला है, हर बड़े-बड़े अखबार ने सुर्खियों में लिखा है कि पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा के ठीक पार एक ताकतवर गुप्त रेडियो स्टेशन स्थापित किया है, जिसका मकसद भारत के दुष्प्रचार तेज करना और कश्मीर में उग्रवादियों तक संदेश पहुंचाना है। बरगलाने वाली खबरें वह इस झूठे प्रचार के माध्यम से फैला रहा है और केवल यही नहीं, महोदय, न्यू यार्क के अंदर एक बैठक हुई ई०सी०ओ०एस०ओ०सी० की—वहां पाकिस्तान के प्रतिनिधि जमशीद मार्कर ने खड़े होकर यह इल्जाम लगाया भारतीय सेना के प्रति—वह जो आपको पता होगा कि पोशपुरा में घटना हो गई थी, कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक चर्चित पोशपुरा घटना हो गई थी। उसका जिक्र करते हुए उन्होंने भारतीय सेना को जालिम, अत्याचारी, बलात्कारी तक कहा और कहा कि महिलाओं के साथ उन्होंने बलात्कार किया है।

श्री राज मोहन गांधी जी इस बात के साक्षी होंगे कि हिंदुस्तान की प्रेसकौंसिल ने एक कमेटी गठित की थी, पोशपुरा घटना की जांच करने के लिए और जार्ज वर्गीज उसकी सदारत कर रहे थे। जर्ज वर्गीज की अध्यक्षता में वह कमेटी बनी थी। जार्ज वर्गीज किसी दल से संबंधित नहीं हैं। जनता में उनकी छवि निष्पक्ष पत्रकार की है और जार्ज वर्गीज ने यह सत्य प्रमाणित किया था कि पोशपुरा की घटना केवल उसमें लगाए

[श्रीमति सुषमा स्वराज]

गए आरोप ही निराधार नहीं हैं, बल्कि पोशपुरा की घटना आतंकवादियों के द्वारा एक मनगढ़ंत कहानी है । उन्होंने आगे जाकर कहा था कि मानवाधिकारों का हनन करके वहां के आतंकवादी समूहों ने पोशपुरा की महिलाओं को बाध्य किया कि वह अपने सम्मान और प्रतिष्ठा के खिलाफ बयान दें । अब वह बयान दिलवाकर के उन्होंने पोशपुरा की घटना करवाई थी । हमारे यहां कुछ लोग हैं जो कहते हैं नहीं साहब, इन चीजों को तो हमें देखना नहीं चाहिए, इनकी अनदेखी करनी चाहिए । को पाकिस्तान में सद्भाव बनाने वाले लोग हैं उनकी तरफ देखना चाहिए । मैं सहमत हूं कि पाकिस्तान में जो सद्भाव बनाने वाले लोग हैं उनकी तरफ जरूर देखना चाहिए, उनके हाथ जरूर सुदृढ़ करने चाहिएं, उनके हाथ मजबूत करने चाहिए । एक पड़ोसी प्रांत से सद्भाव और सौहार्द के रिश्ते बनें, यह मन से हम चाहते हैं, लेकिन इसके साथ-साथ आप उन चीजों को दरगुजर नहीं कर सकते, उनकी अनदेखी नहीं कर सकते, जो उन तमाम लोगों के सद्भाव के बावजूद पाकिस्तान की सरकार और वहां के प्रधान मंत्री कर रहे हैं । मुझे मालूम है वहां के उर्दू अखबारों ने काफी रवैया बदला है । हिन्दुस्तान के प्रति नरमी का रुख अख्तियार किया है। अब उर्दू अखबारों में ये खबरें छपती हैं कि तुलबुल नेवीगेशन विवाद सुलझने वाला है। अब वहां का "जंग" अखबार है उसमें भी यह खबर छपी है कि जो बुलार बैराज के निर्माण से संबंधित विवाद था उसमें दोनों देशों में सहमति होने वाली है । केवल यह नहीं, मुझे मालूम है हरारे के राष्ट्रकुल सम्मेलन में वहां के प्रधान मंत्री नवाज शरीफ, हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री नरसिंह राव को गलबईयां डाल कर मिलते हैं। लेकिन महोदय, उस आलिंगन और मुस्कान के पीछे की नीयत भी उतनी ही साफ है, यह मानने की कोई गुंजाइश नहीं है, यह मानने का कोई आधार नहीं है । राष्ट्रकुल के हरारे सम्मेलन में दोनों प्रधान मंत्रियों ने निजी वार्ता में क्या बात-चीत की मालूम नहीं हैं, क्योंकि वह तो बाहर नहीं आई, लेकिन बाहर आ करके संवाददाताओं को जो जवाब दिए हैं दोनों प्रधान मंत्रियों ने वह उतने ही बासी और उबाऊ थे उसी तरह के रटे-रटाए जवाब ही कि अगर उनके आधार पर आप यह आकलन करना चाह कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान मित्रता की एक भी सीढ़ी चढ़ा है तो उसकी कोई गुंजाइश नहीं है । एक तरफ प्रधान मंत्री नवाज शरीफ आलिंगन करके कहते हैं कि हम दोनों देश आपसी सहमति से मसलों को हल कर लेंगे, लेकिन दूसरी तरफ डा० ए० क्यु० खान पाकिस्तान में लाहौर में चैम्बर आफ् इंडस्ट्रीज को संबोधित करते हुए यह कहते हैं कि कोई यकीन करे या न करे, पाकिस्तान एक आणविक शक्ति बन चुका है । मैं पूछना चाहती हूं कि यकीन क्यों न करें, उस दिन स्वैल साहब बोलते हुए कह रहे थ कि पाकिस्तान कभी अणु युद्ध नहीं करेगा गुरुदास जी ने उनसे पूछा कि "आर यु श्योर एबाउट इट" ? उन्होंने कहा था, "यस, आई एम श्योर" । लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि कबूतर के आंख मीच लेने से बिल्ली भाग नहीं जाती, केवल इसलिए कि कुछ सदस्य एश्योर हो करके यह बात कह सकते हैं कि पाकिस्तान आणविक युद्ध नहीं करेगा । हम इस एश्योरेंस को मान लें, यह ठीक नहीं है । एक जागरुक देश को अपने सामनेखड़े हुए खतरों को ध्यान में रख करके अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति बनानी होती है । अगर वह कहते हैं कि पाकिस्तान आणविक शक्ति बन चुका है तो मैं समझती हूं कि यकीन करने का आधार हमारे पास होना चाहिए । उन्होंने केवल आणविक शक्ति की बात नहीं की, उन्ही डा० ए० क्यु० खान ने कहा कि पाकिस्तान 350 मिलियन डालर मिसाइलें बना चुका है । उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान साढ़े सात हजार डालर प्रति मिसाइल की दर से ये मिसाइलें सऊदी अरब को बेच रहा है । यह भी कहा कि सऊदी अरब इसके बदले में इराक से जो खाड़ी युद्ध के दौरान उसने टैंक्स कैप्चर किए थे वह पाकिस्तान को दे रहा है और यह बात यहां के भी अखबारों में छपी थी । अभी कपिल वर्मा जी

बैठे नहीं हैं, उन्होंने स्पेशल मेंशन के माध्यम से यह मामला भी सदन के अन्दर उठाया था और कहा था। महोदय, केवल बात इतनी नहीं है, पाकिस्तान तो काश्मीर को आज भी एक अनफिनिश्ड एजेंडा आफ् पार्टीशन की संज्ञा देता है। पाकिस्तान सरे आम यह बात कहता है कि काश्मीर के बिना पाकिस्तान-हिन्दुस्तान का बंटवारा अधूरा है, इसलिए वह इसको आतंकवादी गतिविधि नहीं मानता, वह इसको अपने स्वाधीनता के संघर्ष की संज्ञा देता है। बेनजीर भुट्टो का भाषण आप लोगों ने सुना होगा। मैंने सुना था जो उन्होंने कराची में दिया। कहा था कि यह आजादी की जंग है। तुम गोली चलाते हो, तुम दमन करना चाहते हो। चलाओ गोली, पर हमारे मुंह से नारा निकलेगा—आजादी-आजादी-आजादी। हकों की, आजादी की जंग बता करके पाकिस्तान ने अघोषित युद्ध हिन्दुस्तान के खिलाफ छेड़ रखा है।

आपने घंटी बजाई, मैं पांच मिनट में बंद करने वाली हूं। मुझे मालूम है वित्त मंत्री जी आ गए हैं। उनका पांच बजे वक्तव्य है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : Not because of the Finance Minister. But your time is over.

श्रीमति सुषमा स्वराज : पर 5 मिनिट में कोई दूसरा वक्ता शुरू नहीं करना चाहेगा, इसलिए वह 5 मिनिट आप मुझे दे दें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

श्रीमन्, मैं सिर्फ इतना कह रही हूं कि ये बातें हम नहीं कर रहे हैं, हिंदुस्तान की प्रेस नहीं कह रही है, हिंदुस्तान के कुछ लोग नहीं कह रहे हैं बल्कि इस बात को हिंदुस्तान के गृह मंत्री ने इसी सदन में आज से 10 दिन पहले दोहराया था। डा० रत्नाकर पाण्डेय जी का सवाल था, जिसके जवाब में गृह मंत्री ने यह कहा था कि पाकिस्तान के प्रधान मंत्री नवाज़ शरीफ के आश्वासन के बावजूद पाकिस्तानी सेना काश्मीर और सिख युवकों को आतंकवादी प्रशिक्षण दे रही है। लेकिन मुझे दुख है, उसके बाद उनका जो वाक्य था, "मगर हम इस को केवल डिप्लोमैटिक स्तर पर उठाने के अलावा और कुछ नहीं कर सकते"। मुझे हैरानी होती है महोदय, कि 84 करोड़ के देश का गृह मंत्री इतना असहाय क्यों है? क्यों उसे यह कहना पड़े कि डिप्लोमेटिक लेवल के अलावा और किसी स्तर पर वह इस बात को नहीं उठा सकते हैं? उनसे बेहतर जवाब तो मणिशंकर अयर ने यूनाइटेड नेशंस की मानव अधिकार समिति में दिया। जब पाकिस्तान के प्रतिनिधि हिंदुस्तानी सेना के खिलाफ अनाप-शनाप कहने लगे, भारत के खिलाफ अनर्गल प्रचार करने लगे तो मणिशंकर अय्यर ने अपने रिप्लाय का राइट एक्सरसाइज करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान ने झूठ बोलना बंद नहीं किया तो हम भी इनके सच की पोल खोलने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हिंदुस्तान के आतंकवादियों को प्रशिक्षण दे रहा है। उनको हथियारों से लैस कर रहा है। हिंदुस्तान की आंतरिक शांति को छिन्न-भिन्न कर रहा है।

महोदय, मैं अदब से कहना चाहती हूं कि आज वह समय आ गया है जब अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर हमें पाकिस्तान की पोल खोलनी होगी। आज वह समय आ गया है कि जब उसकी नीयत को हमें बेनकाब करना होगा। पर्दाफाश करना होगा उन गतिविधियों का जो कि पाकिस्तान ने हिंदुस्तान के खिलाफ चला रखी हैं।

महोदय, जहां तक अपने घर में आतंकवाद को रोकने का सवाल है, यह जरूरी बात है कि वह सामाजिक-आर्थिक भेदभाव जो कि भारतीयों को वहां प्रशिक्षण लेने के लिए उकसा रही है, उसे मिटाने के लिए भी हिंदुस्तान

[श्रीमति सुषमा स्वराज]

की सरकार को काम करना होगा ताकि सौहार्द और सद्भाव कायम हो सके, इसके साथ ही एक समन्वय समिति ऐसी बनानी होगी जोकि हिंदुस्तान के अंदर आंतरिक आतंकवाद को तोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास कर सके। यह नहीं कि ऑपरेशन रक्षक आप पंजाब में शुरू कर दें और जो आपके बगल के पड़ौसी मुख्य मंत्री हैं, उनकी सरकारों से आप बात भी न करें। महोदय, एक कॉमन सेंस वाले आदमी को भी यह मालूम था कि ऑपरेशन रक्षक जब पंजाब में शुरू किया जाएगा तो वहां के आतंकवादी भाग-भाग कर पड़ौसी राज्यों में ये घटनाएं करेंगे और हरियाणा उसका टार्गेट बनेगा, उत्तर प्रदेश उसका टार्गेट बनेगा, लेकिन किसी मुख्य मंत्री से बात नहीं की गयी। तो मैं गृह मंत्री जी से यह कहना चाहूंगी कि आंतरिक तौर पर आप राज्य सरकारों को हथियारों से लैस करें। ए०के० 47 का मुकाबला थ्री-नॉट-थ्री से नहीं हो सकता। जैसाकि लाठर साहब कह रहे थे कि केवल 50 ए०के० 47 रायफल्स हैं हरियाणा पुलिस के पास और ये आतंकवादियों के पास थोक की दर से हैं। कैसे मुकाबला करेंगे? आप आंतरिक तौर पर समन्वय समिति बनाइए, हथियारों से अपनी राज्य सरकारों को लैस करिए, अपने सामाजिक-आर्थिक स्तर पर सुधार करिए।

अंत में महोदय मैं निवेदन करना चाहूंगी कि यह चर्चा अगर केवल चर्चा कर के हम छोड़ देंगे तो इससे कोई उपलब्धि नहीं होगी। इसलिए इस चर्चा के बाद एक ऐसा रेजोल्यूशन, ऐसा संकल्प इस सदन से जाना चाहिए जिससे पाकिस्तान की नीयत का पर्दाफाश हो, उसकी गतिविधियों का खुलासा हो तथा पूरे अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र के अंदर यह प्रचारित किया जाय कि हिंदुस्तान की संसद के उच्च सदन ने एक प्रस्ताव पास कर के पाकिस्तान की गतिविधियों की भर्त्सना की है, उसकी निन्दा की है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : This debate will have to remain incomplete now. There is a statement to be made by the Finance Minister at 5.00 P.M.

STATEMENT BY MINISTER—

Management of the Economic Crisis

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI MAN MOHAN SINGH) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to make a brief statement on the state of the economy.

Hon'ble Members are aware that when this Government assumed office in the last half of June this year, India faced an economic crisis of unprecedented dimesion. International confidence had collapsed and even our Non-Resident Indians were withdrawing deposits from our banks in large volumes. Access to international commercial banks was closed. Our foreign exchange reserves were at an all time low. We were close to default, on our obligations to international creditors.

The Government acted promptly by taking corrective steps to restore confidence, reestablish macro-economic stability, and set the country back on the path of sustained growth. I would like to take this opportunity to inform the House of the early results of our efforts and also of the unfinished task that lies ahead.

We have achieved our immediate objective of restoring confidence and dispelling fears of default. We are also beginning to restore macro-economic stability though a great deal more remain to be done in this area.

We must continue with efforts at consolidation of these gains, ensure containment of the fiscal deficit to reduce inflation, and restore viability to our balance of payment. We must also continue the reform process in various segments of the economy initiated by the Government as part of our medium term strategy.

Sir, I have elaborated on all these points in the Statement which I now place before this House. The Statement